आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक: 10.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत की–तनावमुक्त रहकर परीक्षा की तैयारी करने की सलाह दी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाकुम्भ के त्रिवेणी संगम में आस्था का स्नान किया–कहा– महाकुम्भ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –सरकार किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध–मातृकुण्डिया को धार्मिक सर्किट से जोड़ने की घोषणा की।
- जैसलमेर के मरू महोत्सव में आज दूसरे दिन भी रंगारंग कार्यक्रमों की धूम।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने क्रिकेट मैच का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे बैट्समैन दवाब की परवाह नहीं कर पूरा ध्यान बॉल पर केन्द्रित रखता है, उसी प्रकार विद्यार्थी भी परीक्षा के दबाव को मन में न लेते हुए, अपना ध्यान, पढने पर लगाएं। प्रधानमंत्री ने पोषण और आरोग्य के महत्व का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है।

.........................

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव से तनाव मुक्त होकर तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की भी सलाह दी।

000

प्रदेशभर में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उत्साह के साथ सुना गया। विभिन्न स्कूलों में प्रधानमंत्री को लाइव सुनने के लिए व्यवस्थाएं की गई। इस दौरान कई स्कूलों में कैरियर मेला लगाया गया जहां विद्यार्थियों को भविष्य के विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में समझाया गया। झालावाड़ के केन्द्रीय विद्यालय में कार्यक्रम को लेकर बच्चों में विशेष उल्लास देखा गया। प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से किये गये संवाद को छात्र–छात्राओं ने ध्यानपूर्वक सुना और उनके द्वारा दी गई सलाह को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

जालौर के निजी विद्यालयों और मदरसों में भी कार्यक्रम को देखने–सुनने को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह रहा। सागाना उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन भी हुआ। सरहदी जिले बाडमेर के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम को सुनने के लिए विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों में जोश बना रहा। सवाईमाधोपुर

के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा काव्या जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से उन जैसे बहुत से विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति मिलती है।

.....................

इसी तरह पाली जिले के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नाडोल में भी विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री की सलाह और सुझावों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। हनुमानगढ के टिब्बी में महात्मा गांधी स्कूल में आयोजित कैरियर मेले में विद्यार्थियों को विभिन्न स्टॉलों के जरिये कैरियर के बारे में जानकारी दी गई। टिब्बी के उपखण्ड अधिकारी सत्यनारायण सुथार ने बताया कि मेले में स्वरोजगार आधारित स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदेश के अन्य जिलों से भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उमंग और उत्साह के साथ देखे और सुने जाने के समाचार हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से फ्रांस और अमरीका की महत्वपूर्ण राजनयिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के साथ भारत की रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी साझेदारी को बढावा देना है। राष्ट्रपति मैक्रों के आमंत्रण पर श्री मोदी 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे वे वहां ए.आई. एक्शन शिखर सम्मेलन की सह–अध्यक्षता करेंगे।

श्री मोदी इस यात्रा के दौरान मुख्य द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होंगे। फ्रांस के बाद श्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आमंत्रण पर अमरीका की दो दिन की यात्रा पर रहेगें। पिछले महीने डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ये पहली अमरीका यात्रा होगी।

000

खबरें महाकुम्भ की–

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम पर पूजा–अर्चना की। राष्ट्रपति के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महाकुंभ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है। इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने माघी पूर्णिमा स्नान के पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन के प्रबंधन का निरीक्षण किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ के लिए शहर के आठ रेलवे स्टेशनों पर व्यापक प्रबंध किये हैं। वहीं रेल मंत्रालय ने मीडिया की कुछ खबरों को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रयागराज जंक्शन बंद नहीं किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि जिला प्रशासन के अनुसार प्रयागराज संगम स्टेशन इस महीने की 14 तारीख तक यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा।

मंत्रालय ने कहा कि महाकुंभ मेला क्षेत्र के आसपास अन्य आठ स्टेशनों से नियमित और विशेष रेलगाडियां सुचारू रूप से चल रही हैं।

...................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार इस दिशा में काम कर रही है। चित्तौडगढ़ जिले के मातृकुण्डिया में आयोजित एक धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को खेती के लिए आवश्यक बिजली और विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान देने के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान के घर से एक व्यक्ति को सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी मिले इसके लिए भी विभिन्न कम्पनियों के साथ एमओयू किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मातृकुण्डिया क्षेत्र को धार्मिक सर्किट से जोडने की घोषणा की। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी और स्थानीय विधायक तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद और विधान मण्डलों की कार्यवाही में सदस्यों की कम हो रही भागीदारी और राजनैतिक गतिरोध पर चिंता जताई है। संसद भवन में महाराष्ट्र विधान मण्डल के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने विधायकों से आग्रह किया कि वे सत्र के दौरान सदन में अधिक समय बितायें और विभिन्न पक्षों की राय सुनें। लोकसभा अध्यक्ष ने विधायकों से आमजन से जुड़े मुद्दे उठाने का आव्हान किया।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने आदेश जारी कर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव को निलम्बित कर दिया है। जोधपुर के संभागीय आयुक्त की जांच रिपोर्ट के आधार राज्यपाल ने ये निर्देश जारी किये। निवर्तमान कुलपति के.एल. श्रीवास्तव के खिलाफ जोधपुर के संभागीय आयुक्त, की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया था। जांच रिपोर्ट में प्रो. श्रीवास्तव के विरूद्ध पद का दुरूपयोग करने, राज कार्य में लापरवाही बरतने और विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पहुंचाने के गंभीर आरोप पहली दृष्टि में प्रमाणित पाए गए हैं।

000

सोम– माही और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर आयोजित बेणेश्वर धाम मेला इन दिनों परवान पर है। मेले में राजस्थान सहित आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पवित्र संगम में तड़के से ही स्नान और धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं।

..................

स्वर्ण नगरी जैसलमेर में चल रहे मरू महोत्सव के दूसरे दिन भी आज कई रंगा–रंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शहर के मुख्य मार्गों से होकर सुबह भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सोनार दुर्ग स्थित

लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना हुई। इस दौरान जिला स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के साथ पर्यटकों के लिए कई प्रतियोगिताएं रखी गई।

..................

भरतपुर के राष्ट्रीय केवलादेव उद्यान में आज से 42वीं सारस गणना शुरू हुई। विश्व विख्यात राष्ट्रीय उद्यान में सारस की गिनती के लिए 17 टीमें बनाई गई हैं। केवलादेव उद्यान के साथ ही उत्तर प्रदेश सीमा से लगे 12 क्षेत्रों को भी गणना में शामिल किया गया है। केवलादेव नेचुरल सोसायटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि गणना में केवलादेव उद्यान के कर्मचारियों के साथ ही नेचर गाइड, पर्यावरणविदों और विद्यार्थियों और ई–रिक्शा चालकों की सेवाएं भी ली जा रही हैं।

000

रेगिस्तानी जिले जोधपुर के तिंवरी–मथानियां क्षेत्र में इन दिनों प्याज की खेती किसानों की आय का प्रमुख स्त्रोत साबित हो रही है। क्षेत्र में मिर्च पैदावार के बाद अब प्याज भी प्रमुख फसल के तौर पर उभर रही है। क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक गांवों में करीब 25 हजार बीघा भूमि में प्याज की रोपाई की जा रही है।

................

000